भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.10.2024

# आरेडिका ने किया हरित ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 25.10.2024 को आरेडिका के विद्युत विभाग के द्वारा प्रशासनिक भवन, तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र एवं जीएम कैम्प ऑफिस की छत पर 635 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना की गई। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से प्रशासनिक भवन की कुल विद्युत खपत जो वर्तमान में 4000 यूनिट है घटकर मात्र 1500 यूनिट प्रतिदिन औसत रह जाएगी एवं भविष्य में इस 1500 यूनिट को भी हरित ऊर्जा द्वारा पूरा करने के लिए प्रशान्ति परिसर स्थित 3 मेगावाट के संयंत्र से जोड़ा जाएगा इससे सम्पूर्ण प्रशासनिक भवन ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। इस संयंत्र के निर्माण से 14 हजार रुपये प्रतिदिन की बचत होगी जिससे पॉच साल में 2.5 करोड़ रुपये की बचत होगी जोकि कुल लागत के लगभग बराबर है। साथ ही इस संयंत्र की स्थापना से कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

25.10.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी